Title: Need to review the proposal to set up Plamu Field Firing Range in Chatra, Bihar.

श्री धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : अध्यक्ष जी, मैं अपने क्षेत्र में बन रहे पलामू फील्ड फायरिगं रेंज की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। जैसे ही इस फील्ड फायरिंग रेंज की जानकारी लोगों को मिली है, तब से उसको लेकर लोगों के बीच दहशत का माहौल हो गया है। क्षेत्र में लड़के-लड़कियों की शादियां नहीं हो पा रही हैं। सारे विकास के कार्य बंद हो गए हैं। जो भी थोड़े बहुत कार्य चल रहे हैं, उनमें लूट-खसोट बढ़ गई है। इस फील्ड फायरिंग रेंज को अगर मेरे क्षेत्र में बनाया जाएगा तो करीब-करीब छः लाख लोग विस्थापित होंगे और हजारों करोड़ रुपए की जमीन बंजर हो जाएगी। सेना के जवानों को प्रशिक्षण मिलना चाहिए, मैं इसका समर्थन करता हूं लेकिन विनाश की दर पर विकास हो, मैं इसका विरोध करता हूं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि फील्ड फायरिंग रेंज की स्थापना वहां की जाए, जहां लोगों को विस्थापित न होना पड़े, या बहुत कम आबादी इससे प्रभावित हो। मैं रक्षा मंत्री जी से भी अनुरोध करना चाहूंगा कि मेरा क्षेत्र हरिजन, आदि वासी बहुल क्षेत्र है। इसमें पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा जो फील्ड फायरिंग रेंज की स्थापना का निर्णय किया गया है, वह जन हित में नहीं है। अतः वह इसका कार्यान्वयन रुकवाएं जिससे गरीबों और पिछड़ों का शोषण न हो सके तथा लोगों को विस्थापित न होना पड़े।